**C**

**CCE PR REVISED**

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಜೂನ್, 2018

**S. S. L. C. EXAMINATION, JUNE, 2018**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 28. 06. 2018 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**

Date : 28. 06. 2018 ] **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100

[ Max. Marks : 100

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - क** | |
| | **( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )** | |
| | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : | |
| I. 1. | सियारामशरण गुप्त जी के अनुसार समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ? | |
| | **उत्तर :** ईश का दिया हुआ अनुपम धन है । | 1 |
| 2. | बालकृष्ण का रंग कैसा था ? | |
| | **उत्तर :** बालकृष्ण का रंग काला / श्याम था । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 3. | परसाई जी दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे ? | |
| | **उत्तर :** पैसे बचाने के लिए दूसरे दर्जे में सफर करना चाहते थे । | 1 |
| 4. | प्रेमचंद जी का जी क्यों ललचा उठा ? | |
| | **उत्तर :** दूकान पर अच्छे रंगदार, गुलाबी सेब देखकर प्रेमचंद जी का जी ललचा उठा । | 1 |
| 5. | दोनों दोस्त जानवरों से मिलने क्यों गये ? | |
| | **उत्तर :** मकान बनाने के बारे में पूछताछ करने के लिए जानवरों से मिलने गये । | 1 |
| 6. | कर्नल खुल्लर ने बधाई देते हुए बिछेंद्री से क्या कहा ? | |
| | **उत्तर :** कर्नल खुल्लर ने कहा – ''देश को तुम पर गर्व है ।'' | 1 |
| 7. | परसाई जी पहनने के कपड़े कहाँ दबाकर सोये ? | |
| | **उत्तर :** परसाई जी पहनने के कपड़े सिरहाने दबाकर सोये । | 1 |
| 8. | कवि के अनुसार 'जय-हिंद' का नाद कहाँ-कहाँ गूँजना चाहिए ? | |
| | **उत्तर :** सकल नगर और गाँवों में गूँजना चाहिए । | 1 |
| 9. | कवि के अनुसार गोताखोर कहाँ डुबकियाँ लगाता है ? | |
| | **उत्तर :** सिंधु में डुबकियाँ लगाता है । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| II. 10. | सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : | |
| | **'क'** — **'ख'** | |
| | अ) पं० राजकिशोर — i) आदिवासी | |
| | आ) कलाम जी का बचपन — ii) सृष्टि का श्रृंगार | |
| | इ) सिंगफो — iii) देश का नाम | |
| | ई) आधुनिक मनुज — iv) परोपकारी | |
| | उ) हमारा जोवन — v) जलवासी | |
| | vi) सादगी में बीता | |
| | vii) पैसों से बना है | |
| | viii) पल-पल से बना है । | |
| | **उत्तर :** | |
| | अ) पं० राजकिशोर — iv) परोपकारी | 1 |
| | आ) कलाम जी का बचपन — vi) सादगी में बीता | 1 |
| | इ) सिंगफो — i) आदिवासी | 1 |
| | ई) आधुनिक मनुज — ii) सृष्टि का श्रृंगार | 1 |
| | उ) हमारा जीवन — viii) पल-पल से बना है । | 1 |
| III. | प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : | |
| 11. | पताका : न्याय का प्रतीक : : दीप : ...................... | |
| | **उत्तर :** ज्ञान का प्रतीक | 1 |
| 12. | हैकिंग : अभिशाप : : ई-गवर्नेंस : ........................ | |
| | **उत्तर :** वरदान | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 13. | गिल्लू : रेखाचित्र : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ........................ | |
| | **उत्तर :** व्यंग्य रचना | 1 |
| 14. | सक्सेना परिवार का रोबोट : रोबोनिल : : | |
| | शर्मा परिवार का रोबोट : ........................ | |
| | **उत्तर :** रोबोदीप | 1 |
| 15. | भोला-भाला : बालकृष्ण : : चुगलखोर : ........................ | |
| | **उत्तर :** बलराम । | 1 |
| IV. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : | |
| 16. | 'कश्मीरी सेब' पाठ में लेखक पाठकों को क्या चेतावनी देते हैं ? | |
| | **उत्तर :** खरीदारी करते समय सावधानी बरतनी चाहिए । धोखा खाने की संभावना रहती है । | 2 |
| 17. | जैनुलाबदीन नमाज की प्रासंगिकता के बारे में क्या कहते थे ? | |
| | **उत्तर :** जैनुलाबदीन कहते थे — 'जब तुम नमाज पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो; जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेद-भाव नहीं होता ।' | 2 |
| 18. | व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से कैसी मदद मिलती है ? | |
| | **उत्तर :** घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं । इंटरनेट-बैंकिंग द्वारा दुनिया की किसी भी जगह पर, चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है । | 2 |
| 19. | रोबोनिल ने रोबोजीत को क्या समझाने की कोशिश की ? | |
| | **उत्तर :** रोबोनिल ने अपने कारण साधोराम को नौकरी से निकाल देनेवाली बात बताई । रोबोटिकी नियम के अनुसार रोबोट को इंसान के नुकसान का कारण नहीं बनना चाहिए । यह मानवीय नजरिये से भी गलत है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 20. | 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या सीख मिलती है ? | |
| | **उत्तर :** महिलाएँ पुरुषों से कम नहीं । साहस, गुण, दृढ़ निश्चय, अथक परिश्रम, मुसीबतों का सामना करना आदि आदर्श गुण सीखते हैं । | 2 |
| 21. | गाँव की सफाई के लिए बालक क्या काम करते हैं ? | |
| | **उत्तर :** स्कूल के परिसर को स्वच्छ रखना, गाँव का कूड़ा एक निश्चित जगह में डालने के लिए लोगों को बताना, प्रतिदिन एक घंटा गाँव की सफ़ाई करना । | 2 |
| 22. | मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए । | |
| | **उत्तर :** मातृभूमि के खेत हरे-भरे हैं । वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं । अपार खनिज संपत्ति है । | 2 |
| 23. | समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ? | |
| | **उत्तर :** सही समय पर सही काम करना चाहिए । आलस्य को त्यागकर समय का सदुपयोग करना चाहिए । हमें काम करने का जो अवसर प्राप्त होता है, उसे व्यर्थ जाने नहीं देना चाहिए । | 2 |
| 24. | कृष्ण बलराम के प्रति क्यों नाराज है ? | |
| | **उत्तर :** बलराम कृष्ण को यह कहकर चिढ़ाता है कि वह नंद और यशोदा का बेटा नहीं है । उसका रंग काला है । इस अपमान के कारण कृष्ण बलराम से नाराज है । | 2 |
| 25. | लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ? | |
| | **उत्तर :** घायल गिल्लू को हौले से उठाकर कमरे में लायी । रक्त पोंछकर पेन्सिलिन मरहम लगाया । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 26. | हाथी और साँप ने दोनों दोस्तों को क्या सुझाव दिया ?<br>**उत्तर :** हाथी ने कहा कि उसके पैर जैसे लकड़ी के मोटे गोले काट लेना चाहिए । साँप ने कहा कि लंबी और पतली लकड़ी काट लेनी चाहिए । | 2 |
| 27. | तुलसीदास के अनुसार संत का स्वभाव कैसे होना चाहिए ?<br>**उत्तर :** संत को हंस की तरह रहना चाहिए । दूध रूपी सत्व को स्वीकार कर, पानी रूपी विकारों को त्यागना चाहिए । | 2 |
| 28. | शनि ग्रह को 'शनैश्चर' क्यों कहते हैं ?<br>**अथवा**<br>टाइटन के बारे में लिखिए ।<br>**उत्तर :** शनैश्चर का अर्थ होता है – धीमी गति से चलनेवाला । यह ग्रह आकाश के गोल पर बहुत धीमी गति से चलता दिखाई देता है ।<br>**अथवा**<br>**उत्तर :** टाइटन शनि ग्रह का सबसे बड़ा और दिलचस्प उपग्रह है ।<br>5150 किलोमीटर व्यासवाला टाइटन हमारे चंद्र से भी काफ़ी बड़ा है । | 2 |
| 29. | झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ?<br>**अथवा**<br>मीना मैडम ने अंत में छात्रों को क्या संदेश दिया ?<br>**उत्तर :** व्यक्तित्व कुंठित होता है । विकास में बाधा आती है । झूठ बोलनेवालों से लोगों का विश्वास उठ जाता है ।<br>**अथवा**<br>**उत्तर :** हरेक विद्यार्थी को नागरिक के कर्तव्यों का पालन करना चाहिए । इससे खुद का भी हित होगा और देश का भी हित होगा । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| V. | उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिये : | |
| 30. | गिल्लू के कार्य-कलाप के बारे में लिखिए । | |
| | **उत्तर :** गिल्लू लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए उनक पैरों तक आता और सर्र से पर्दे पर चढ़ जाता था । लेखिका को चौंकाने के लिए फूलदान के फ्लों में, परदे की चुन्नट में और कभी सोनजुही की पत्तियों में छिप जाता था । | 3 |
| 31. | बसंत की ईमानदारी का परिचय दीजिए । | |
| | **उत्तर :** बसंत राजकिशोर से भीख नहीं लेकर, उन्हें छलनी खरीदने के लिए प्रेरित करता है । नोट भुनाकर लाते वक्त मोटर दुर्घटना के कारण घायल होकर बेहोश हो जाता है । होश आते ही राजकिशोर के पैसे लौटाने के लिए अपने छोटे भाई प्रताप को भेजता है । सच है, बसंत एक ईमानदार लड़का है । | 3 |
| 32. | दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ? | |
| | **उत्तर :** जो मनुष्य बुद्धि को चैतन्य हृदय से जीतता है । सहमनुष्य के साथ स्नेह से रहकर, मनुष्य-मनुष्य के बीच के भेद-भाव को मिटाता है । यही मनुष्य का सही परिचय है । | 3 |
| 33. | कलेक्टर साहब ने बच्चों की बड़ाई कैसे की ? | |
| | **उत्तर :** कलेक्टर साहब ने बच्चों के कार्य की बड़ी प्रशंसा की । बच्चों ने 'बाल शक्ति' टोली के द्वारा गाँव को स्वच्छ और आदर्श बनाया है । 'बाल शक्ति' टोली को सरकार की तरफ़ से पांच हजार रुपये दिये जाएँगे । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 34. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>दया धर्म का मूल है, पाप का मूल अभिमान ।<br>तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।<br>**उत्तर :** दया धर्म का मूल है । पाप का मूल अभिमान होता है । इसलिए जब तक शरीर में प्राण है, तब तक मनुष्य को अपना व्यर्थ अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए । | 3 |
| VI. | उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिये : | |
| 35. | 'कन्नड भाषा तथा संस्कृति के लिए कर्नाटक के साहित्यकारों की देन अमूल्य है' — स्पष्ट कीजिए ।<br>**अथवा**<br>कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :**<br>* बसवण्णा, अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु और सर्वज्ञ जैसे वचनकारों ने अपने वचनों द्वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है ।<br>* पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों के सदाचार, भक्ति, नीति के गीत अमूल्य देन हैं ।<br>* पंप, रन्न, पोन्न, कुमारव्यास, हरिहर, राघवांक आदि प्राचीन कवियों ने महान काव्यों की रचना की है । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * कुवेंपु, द. रा. बेंद्रे, शिवराम कारंत, मास्ति वेंकटेश अय्यंगार, वि. कृ. गोकाक, यू. आर. अनंतमूर्ति, गिरीश कार्नाड और चंद्रशेखर कंबार ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत हैं । | |
| | **अथवा** | |
| | **उत्तर :** | |
| | * बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु के मंदिरों की शिल्पकला और वास्तुकला अद्‌भुत है । | |
| | * बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर के मंदिरों की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं । | |
| | * श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की 57 फूट एकशिला प्रतिमा शांति और त्याग का संदेश देती है । | 4 |
| | * विजयपुर के गोलगुंबज की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय उदाहरण है । | |
| | * मैसूर के राजमहल, सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन आर्ट गैलरी आकर्षणीय हैं । ( कोई चार अंश ) | |
| 36. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : | |
| | असफलता ............................................. , | |
| | ........................................................... । | |
| | ............................................................ , | |
| | ............................................ भागो तुम । | |
| | **अथवा** | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | मुखिया............................................... ।<br>...................................... सहित विवेक ।।<br>**उत्तर :**<br>असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम ।<br>**अथवा**<br>**उत्तर :**<br>मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक ।<br>पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।। | 4 |
| | **खण्ड - ख**<br>**( व्याकरण )** | |
| VII. 37. | निम्नलिखित शब्दों में बहुवचन है —<br>(A) कमरा (B) कपड़े<br>(C) आँख (D) दीवार ।<br>**उत्तर :** (B) कपड़े | 1 |
| 38. | 'आदमी' शब्द का अन्य लिंग है —<br>(A) लड़की (B) पत्नी<br>(C) औरत (D) पुरुष ।<br>**उत्तर :** (C) औरत | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 39. | 'अच्छाई' शब्द का विलोम शब्द है —<br>(A) बुराई (B) भलाई<br>(C) अच्छी (D) सच्चाई ।<br>**उत्तर :** (A) बुराई | 1 |
| 40. | निम्न में 'वृद्धि संधि' का उदाहरण है —<br>(A) जलाशय (B) मतैक्य<br>(C) इत्यादि (D) दिग्गज ।<br>**उत्तर :** (B) मतैक्य | 1 |
| 41. | निम्नलिखित शब्दों में प्रथम प्रेरणार्थक क्रियारूप है —<br>(A) लेखन (B) लिखावट<br>(C) लिखाना (D) लिखाई ।<br>**उत्तर :** (C) लिखाना | 1 |
| 42. | निम्न में 'द्वंद्व' समास का उदाहरण है —<br>(A) नीलकंठ (B) देशप्रेम<br>(C) पंचवटी (D) दिन-रात ।<br>**उत्तर :** (D) दिन-रात | 1 |
| 43. | मोटर उसके ऊपर से निकल गई !<br>इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है —<br>(A) अल्पविराम (B) उद्धरण<br>(C) विस्मयादिबोधक (D) पूर्णविराम ।<br>**उत्तर :** (C) विस्मयादिबोधक | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 44. | गिल्लू सुराही ........................ लेट जाता था ।<br>रिक्त स्थान में उचित कारक होगा —<br>(A) से (B) में<br>(C) पर (D) को ।<br>**उत्तर :** (C) पर | 1 |
| 45. | जो ईश्वर में विश्वास करता हो —<br>(A) आस्तिक (B) अंधविश्वासी<br>(C) नास्तिक (D) भगवान ।<br>**उत्तर :** (A) आस्तिक | 1 |
| 46. | 'दोस्त' का पर्यायवाची शब्द है —<br>(A) शत्रु (B) दुश्मन<br>(C) भाई (D) मित्र ।<br>**उत्तर :** (D) मित्र । | 1 |
| | **खण्ड - ग**<br>**( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्र-लेखन और निबंध )** | |
| VIII. | प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :<br>लोभ बहुत बड़ा दुर्गुण है । यह एक असाध्य रोग है । दुःख का मूल कारण ही लोभ है । धनी आदमी अधिक धन कमाने के प्रयत्न में लोभी बन जाता है । प्राप्त धन से वह कभी भी संतुष्ट नहीं हो पाता । भूखा पेटभर खाना मिलने पर तृप्त हो जाता है । लोभी की दुराशाएँ बढ़ती ही जाती हैं, इसलिए वह हमेशा अतृप्त ही रहता है । लोभ बीमारी का लक्षण है । संतोष निरोगता का लक्षण है । इसलिए मनुष्य को लोभ छोड़कर, जो प्राप्त है उसी में संतुष्ट रहना चाहिए । | |
| 47. | धनी आदमी क्यों लोभी बनता है ?<br>**उत्तर :** अधिक धन कमाने के प्रयत्न में । | 1 |
| 48. | भूखा आदमी कैसे तृप्त हो जाता है ?<br>**उत्तर :** पेटभर खाना मिलने से तृप्त हो जाता है । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 49. | लोभी हमेशा क्यों अतृप्त रहता है ? | |
| | **उत्तर :** दुराशाएँ बढ़ने के कारण अतृप्त रहता है । | 1 |
| 50. | मनुष्य कैसे संतुष्ट रह सकता है ? | |
| | **उत्तर :** लोभ को छोड़कर, जो प्राप्त है उसी में संतुष्ट रहना चाहिए । | 1 |
| 51. | 'असाध्य रोग' किसे कहा गया है ? | |
| | **उत्तर :** लोभ को 'असाध्य रोग' कहा गया है । | 1 |
| IX. | अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में : | |
| 52. | बिछेंद्री का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಬಿಛೇಂದ್ರಿಯ ಜನ್ಮ ಒಂದು ಸಾಮಾನ್ಯ ಕುಟುಂಬದಲ್ಲಿ ಆಯಿತು. | 1 |
| | Bichendri was born in a middle class family. | |
| 53. | मैं भीख नहीं लूँगा । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ನಾನು ಭಿಕ್ಷೆ ಬೇಡುವುದಿಲ್ಲ. | 1 |
| | I won't beg. | |
| 54. | रामेश्वरम् प्रसिद्ध तीर्थस्थल है । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ರಾಮೇಶ್ವರಮ್ ಪ್ರಸಿದ್ಧ ತೀರ್ಥಸ್ಥಳವಾಗಿದೆ. | 1 |
| | Rameswaram is a well known ( famous ) pilgrimage. | |
| 55. | कर्नाटक राज्य भारत देश का प्रगतिशील राज्य है । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಕರ್ನಾಟಕ ರಾಜ್ಯವು ಭಾರತ ದೇಶದ ಒಂದು ಪ್ರಗತಿಶೀಲ ರಾಜ್ಯವಾಗಿದೆ. | 1 |
| | Karnataka is a progressive state of India. | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 56. | शनि सौरमंडल का एक सुंदर ग्रह है ।<br>**उत्तर :**<br>ಶನಿಯು ಸೌರಮಂಡಲದ ಒಂದು ಸುಂದರ ಗ್ರಹವಾಗಿದೆ.<br>Saturn is the beautiful planet in the solar system. | 1 |
| X. | औपचारिक पत्र / अनौपचारिक पत्र : | |
| 57. | कोई कारण बताकर, तीन दिन की छुट्टी की मंजूरी के लिए अपने प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।<br>**उत्तर :**<br>प्रेषक का पता और दिनांक 1<br>पत्र पाने वाले का पता $\frac{1}{2}$<br>विषय $\frac{1}{2}$<br>सबोधन $\frac{1}{2}$<br>पत्र का कलेवर 2<br>समाप्ति $\frac{1}{2}$ | 5 |
| | **अथवा**<br>**उत्तर :**<br>प्रेषक का पता और दिनांक 1<br>संबोधन और अभिवादन 1<br>पत्र का कलेवर 2<br>समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>पत्र पाने वाले का पता । $\frac{1}{2}$ | 5 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| XI. 58. | दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए :<br>क) ग्राम सुधार<br>* प्रस्तावना<br>* आवश्यक सुविधाएँ<br>* सुधारने के उपाय<br>* उपसंहार ।<br>ख) इंटरनेट का महत्व<br>* अर्थ / व्याख्या<br>* उपयोग / सुविधाएँ<br>* दुष्परिणाम<br>* उपसंहार ।<br>ग) कर्नाटक का वैभव<br>* प्रस्तावना<br>* प्राकृतिक परिवेश<br>* विशेषताएँ<br>* उपसंहार । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| | **उत्तर :** | | |
| | प्रस्तावना | 1 | |
| | विषय विस्तार | 2 | 5 |
| | उपसंहार | 1 | |
| | भाषा का प्रयोग । | 1 | |